महत्वपूर्ण एवं खास

पंचायत के पट्टा लेकर तहसील दफ्तर पहुंचे कोसमपाली के ग्रामीण

रायगढ़। कोसमपाली के ग्रामीणों ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय में पहुंचकर कब्जा खाली कराने का विरोध किया है। गांव से बडी संख्या में महिला व पुरूष दोपहर को एसडीएम व तहसील दफ्तर पहुंचे और नायब तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला से मिलकर अपनी परेशानी बताई। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में जब पंचायत ने उन्हें रहने का अधिकार दिया है तो वह अब कैसे अवैध हो गया है। अपने आवेदन के साथ 1997 में पंचायत से मिले आवास पट्टा को लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें वैध तरीके से निवास करने के लिए प्रशासन ने पट्टा दिया था तो अब पटवारी रिपोर्ट के आधार पर आखिरकार कैसे उन्हें अवैध बताया जा रहा है। जिसके बाद अधिकारी ने जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि स्टेट वेयर हाउस की जमीन बताकर इसमें बाउंड्रीवाल बनाने का काम शुरू हो रहा था तो ग्रामीणों ने विरोध कर उसे रूकवाया था।

कृषि आदान सामग्री के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

रायगढ़। कृषि आदान सामग्री जैसे फसल क्षेत्राच्छादन, बीज, उर्वरक कल्चर एवं कृषि यंत्र एवं अन्य आदान सामग्रियों का भंडारण एवं वितरण, गुण नियंत्रण एवं कीट व्याधि नियंत्रण व्यवस्था हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 07762-223078 है। नियंत्रण कक्ष कार्यालयीन दिवस में प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक खुला रहेगा।

उप संचालक कृषि रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष में सहायक संचालक कृषि के. आर. भगत को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह व. कृ. वि. अधिकारी डी. एस. तोमर को स. प्रभारी अधिकारी, व. कृ. वि. अधिकारी कु. रूचि शर्मा, कृ. वि. अधिकारी पी.के. गुप्ता एवं ग्रा. कृ. वि. अधिकारी महेन्द्र पटेल को नि.कक्ष सहायक तथा चौकीदार मुनउवर सुल्तान को सहायक बनाया गया है। प्रभारी अधिकारी के मार्गदर्शन में नियंत्रण कक्ष का संचालन किया जाएगा।

उत्तम मेमोरियल कालेज में उत्तम साईन्स फेस्ट का आयोजन

रायगढ़ । उत्तम मेमोरियल कालेज रायगढ़ में विद्यालयीन छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हो। विज्ञान में अभिरूचि बढ़े, इस हेतु 05 दिसम्बर को संस्था के प्रांगण में उत्तम साईंस फेस्ट 2018 का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओ को अपने-अपने माडल (जो विज्ञान विषय से सम्बंधित हो) के साथ आमंत्रण भेजा गया है। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. जीडी शर्मा तथा जिले की जिला अधिकारी श्रीमती शम्मी आबिदी के करकमलो से होगा। इस साईन्स फेस्ट में जितने विद्यालय का माडल रखा जायेगा उनमें प्रतियोगिता होगी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले को 11100 रूपये तथा द्वितीय पुरस्कार पाने वाले को 7100 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार पाने वाले को 5100 रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा ऐसा सुनिश्चित किया गया है।

डीओ बदलकर मिलर दे रहे चकमा, सारंगढ़ में 28 सौ बोरा धान जब्त

रायगढ़। धान खरीदी शुरू होने के बाद अब राइस मिलर्स डीओ बदलकर शासन को चकमा दे रहे हैं। सारंगढ़ में ऐसे ही एक मामले में एसडीएम ने कार्रवाई की है। शुक्रवार को टीम ने जब अग्रोहा राइस मिल में दबिश दी तो यहां पर अग्रसेन राइस मिल को आबंटित धान डंप किया जा रहा था। जिसक बासद दोनों राइस मिलों से करीब 28 सौ बोरा धान जप्त कर केस बनाया गया है।

धान खरीदी शुरू होने के बाद राइस मिलरों द्वारा धान के उठाव व कस्टम मिलिंग का काम तेज करने के लिए प्रशासन ने निर्देश दिया हुआ है। इसके लिए जिला स्तर पर एवं तहसील स्तर पर भी जांच व निगरानी टीम बनी हुई है। सारंगढ़ में शुक्रवार को एसडीएम हितेश बघेल के नेतृत्व में खाद्य व राजस्व विभाग ने राइस मिलों की जांच करनी शुरू की। टीम पहले अग्रसेन राइस मिल पहुंची। मिलर द्वारा धान का उठाव पर्याप्त मात्रा में नहीं किया गया था और ना ही चावल जमा किया जा रहा था लेकिन मौके पर राइस मिल से करीब 1025 क्विंटल चावल एवं 2705 बोरा धान मिल गया। मिलर्स से पूछताछ की गई तो वह इसका कोई रिकार्ड पेश नहीं कर सका। जिसके बाद कस्टम मिलिंग एक्ट के तहत टीम ने संचालक के खिलाफ केस बनाकर सारा स्टाक जप्त कर लिया है। इसके बाद टीम अग्रोहा राइस मिल पहुंची। यहां पर धान से लोड एक ट्रक को खाली किया जा रहा था। डीओ की जांच की गई तो पता चला कि कनकबीरा समिति से इसे अग्रसेन राइस मिलर को जारी किया गया है लेकिन अग्रसेन में खाली होने की जगह इसे अग्रोहा राइस मिल में डंप किया जा रहा था। क्रास डीओ के इस खेल के पकड़े जाने के बाद एसडीएम ने फटकार लगाई और शेष धान को खाली होने से रूकवाकर शेष स्टाक को भी जप्त कर लिया। अग्रोहा के संचालक के खिलाफ भी पंचनामा तैयार कर टीम ने कस्टम मिलिंग एक्ट के तहत केस बना दिया और कलेक्टर कोर्ट में पेश किया है।

कोठार में रखा धान व पैरावट आगजनी से जलकर राख

रायगढ़। चक्रधरनगर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम लामीदरहा किसान के कोठार में रखा पैरावट में आग लगने से लाखो रुपये का पैरा व धान जलकर राख हो गया।

देव प्रसाद यादव खेती किसानी के साथ रोजी मजदूरी का कार्य करता है। वही हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लगभग 11 एकड़ में धान की फसल किया था। जहां धान की फसल कटाई के उपरांत उसमें से मिजाई के लिए कोठार में रखा था जहां कुछ धान की मिजाई भी कर चुका था। ग्रामीण देव प्रसाद के मुताबिक कोठार से आधी रात 3 बजे के आसपास कोठार की ओर से धुंआ घर पर आ रहा था। जिसे जाकर देखने से उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पैरावट में अचानक आग लगने से शोर मचाकर परिजनों व आसपास के लोगों को जगाया। इसके अलावा इसकी सूचना ग्रामीण ने तत्काल फायर बिग्रेड को दी। परन्तु तब तक आग फैल चुकी थी। वही सूचना के आधे घण्टे बाद मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर दमकल की वाहन पहुंची। जिस पर मुस्तैदी से दमकल वाहन व उसमें मौजूद कर्मचारियों ने आग पर 4 घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया लेकिन आग ने पूरे पैरावट व धान को अपने चपेट में ले लिया। इससे किसानों को हजारों का नुकसान हुआ। वही यह आग पर समय रहते दमकल अमला में काबू पा लिया अन्यथा आज की स्थिति में लामीदरहा ग्राम में भयावह मंजर होता। किसान के कोठार पर आगजनी से ग्रामीण हतप्रभ है वही असामाजिक तत्वो पर आगजनी की वारदात को अंजाम देने की आशंका जता रहे है।

परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 5 दिसम्बर

रायगढ़। महानिदेशालय प्रशिक्षण नई दिल्ली से जारी निर्देशानुसार सीटीएस के अंतर्गत एआईटीटी (सेमेस्टर) जनवरी एवं फरवरी 2019 हेतु शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ के परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित होने वाले

परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा फार्म भरकर जमा करने की अंतिम तिथि 5 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

अनुत्तीर्ण भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थी विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

40वें श्री श्याम महोत्सव 2018 की तैयारियों का आगाज

देश के ख्यातिनाम भजन गायकों का होगा समागम

विराट आयोजन को लेकर श्याम मंडल की बैठक संपन्न

रायगढ़। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम मंडल द्वारा आयोजित 40वां विराट श्री श्याम महोत्सव के आयोजन के सभी आवश्यक तैयारियां जोर शोर से किए जाने का निर्णय बैठक आयोजित कर लिया गया है। जिसकी विस्तृत जानकारी देते हुए संस्था के प्रचार मंत्री महावीर अग्रवाल ने बताया कि संजय काम्पलेक्स स्थित श्री श्याम बगीची में 11 हजार वर्गफुट का विशाल पंडाल तैयार किया जावेगा। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की बैठने की विशेष व्यवस्था की जावेगी। ताकि श्रद्धालुगण कार्यक्रम का भरपूर लाभ ले सकें। यह कार्यक्रम 17 दिसंबर सोमवार से 19 दिसंबर बुधवार तक तीन दिवसीय

आयोजित किया जावेगा। श्याम बगीची स्थित विशाल पंडाल के मध्य में श्री श्याम प्रभु के दरबार को फूलों से अलौकिक श्रृंगार व सजावट कलकत्ता के कारीगारों के द्वारा किया जाएगा। पूरे मंदिर व पंडाल को झूमरों व झालरों से सुज्जजित किया जाएगा। नगर वासियों हेतु इन भजनों के कार्यक्रमों का आनंद उठाने हेतु देश के ख्यातिनाम भजन गायकों एवं गायिकाओं को इस वर्ष आमंत्रित किया गया है।

तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन 17 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन एवं द्वतीय दिन 18 दिसंबर मंगलवार प्रातः 9 बजे से श्याम प्रभु की शोभा यात्रा एवं विशाल निशानयात्रा स्थानीय हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के सभी प्रमुख मार्गो से होते हुए श्याम मंदिर में संपन्न होगी। इसी दिन श्री श्याम प्रभु के भजनों की पावन गंगा का रात्रि में विराट भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया है।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कुलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%

Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Aayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Anaiya 99% Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...

Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मार्गदर्शन बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931